[This question paper contains 8 printed pages.]

**7971**

*Your Roll No.* .............

*आपका अनुक्रमांक* .............

**LL.B./II Term** **ES**

Paper LB – 202 – FAMILY LAW – II

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :- इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any* **five** *questions.*

**All** *questions carry equal marks.*

*कुल* **पाँच** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

**सभी** *प्रश्नों के अंक समान हैं।*

P.T.O.

1. (a) What are the primary differences between the separate property and the coparcenary property held by a coparcener under Hindu law ?

(b) 'The Hindu Succession Act, 1956 has made a substantial difference in determining the character of property in the hands of the son, inherited by him from his father vis-a-vis grandson from the position as understood under the classical Hindu law.' Comment.

(क) हिन्दू विधि के अन्तर्गत सहदायिक द्वारा धारित पृथक सम्पत्ति और सहदायिकी सम्पत्ति के बीच क्या प्राथमिक भिन्नताएं हैं ?

(ख) 'हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 ने पौत्र के मुकाबले में पुत्र के हाथों में उसके पिता से विरासत में मिली सम्पत्ति की प्रकृति के अवधारण में उस स्थिति से सारवान् अन्तर ला दिया है जो कि क्लासिकल हिन्दू विधि के अन्तर्गत समझी जाती थी।' टिप्पणी लिखिए।

2. (a) Who can be a karta of the Hindu Joint Family ? Is this position open to a female Hindu ?

(b) A Mitakshara coparcenary consists of Ram, the karta and his two sons, Sonu and Monu. The family lives in Delhi. They have extensive coparcenary property near Hastinapur, about 70 miles away

from Delhi. Ram sells the land to Sohan and utilises the sale proceeds for the marriage of his 16 years old daughter and for purchasing a residential flat in South Delhi.

Sonu and Monu challenge the sale. Decide. Also discuss the rights and remedies of Sohan if transaction is effected.

(क) हिन्दू संयुक्त कुटुम्ब का कर्ता कौन हो सकता है ? क्या यह पद हिन्दू स्त्री के लिए खुला है ?

(ख) एक मिताक्षर सहदायिकी राम जो कर्ता है और उसके दो पुत्र सोनू तथा मोनू से मिलकर बनी है। परिवार दिल्ली में रहता है। उनके पास दिल्ली से लगभग 70 मील दूर हस्तिनापुर के निकट विशाल सहदायिकी सम्पत्ति है। राम ने भूमि को सोहन को बेच दिया तथा विक्रय-आगम का उपयोग अपनी 16 वर्षीय पुत्री के विवाह हेतु तथा दक्षिण दिल्ली में एक आवासीय फ्लैट क्रय करने हेतु किया।

सोनू तथा मोनू ने विक्रय पर आक्षेप किया। विनिश्चय कीजिए। यदि उक्त लेन-देन प्रभावी हो जाता है तो सोहन के अधिकारों और उपचारों का विवेचन कीजिए।

3. X, a male Hindu, dies in Delhi as an undivided member of Mitakshara coparcenary in 2014. He is survived

by his parents M and F, his sister Sis, one son $S_1$ and one daughter $D_1$. His another son $S_2$ and daughter $D_2$ predeceased him survived by their son and daughter $S_2S$, $S_2D$ and $D_2S$, $D_2D$. $D_1$ has two children $D_1D$ and $D_1S$ and $S_1$ has a wife $S_1W$, and two children $S_1D$ and $S_1S$. $S_1S$ is married and has a wife $S_1SW$, a son $S_1SS$ and a daughter $S_1SD$.

Determine the share of each and every member in the family.

Would your answer be different if the family was domiciled in Chennai ?

एक हिन्दू पुरूष X की 2014 में दिल्ली में मिताक्षर सहदायिकी के अविभक्त सदस्य के रूप में मृत्यु हो गई। उसने अपने पीछे अपने माता-पिता M और F, अपनी बहन Sis, एक पुत्र $S_1$ और एक पुत्री $D_1$ छोड़ी है। उसके अन्य पुत्र $S_2$ और पुत्री $D_2$ की पूर्व में मृत्यु हो गई जिन्होंने अपने पीछे अपने पुत्र तथा पुत्री $S_2S$, $S_2D$ और $D_2S$, $D_2D$ छोड़े हैं। $D_1$ के दो बच्चे $D_1D$ और $D_1S$ है तथा $S_1$ की एक पत्नी $S_1W$ और दो बच्चे $S_1D$ और $S_1S$ हैं। $S_1S$ विवाहित हैं जिसकी पत्नी $S_1SW$, एक पुत्र $S_1SS$ और एक पुत्री $S_1SD$ है।

परिवार के प्रत्येक सदस्य के शेयर को अवधारित कीजिए।

यदि परिवार चेन्नई में अधिवासित होता तो क्या आपका उत्तर भिन्न होता ?

4. X, a male Hindu dies intestate leaving behind his separate property. He is survived by his widow W. He also had four children $S_1$, $S_2$, $D_1$ and $D_2$. $S_1$ after conversion to Islam got married to a Muslim girl SW and died during the lifetime of X after begetting a son SS. $D_1$ got married to a Christian man under the Special Marriage Act 1954. $S_2$ who had fallen into bad company murdered X's brother over a property dispute. Discuss who would inherit his property and what would be their shares.

एक हिन्दू पुरूष X अपनी पृथक् सम्पत्ति छोड़कर निर्वसीयती मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। उसने अपने पीछे अपनी विधवा W छोड़ी है। उसके चार बच्चे भी हैं - $S_1$, $S_2$, $D_1$ और $D_2$। इस्लाम में धर्मान्तरित होने के बाद $S_1$ ने मुस्लिम लड़की SW के साथ विवाह कर लिया और एक पुत्र SS को जन्म देने के बाद X के जीवनकाल के दौरान ही मृत्यु को प्राप्त हो गया। $D_1$ ने विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अन्तिर्गत ईसाई पुरूष के साथ विवाह कर लिया $S_2$, जो कुसंगति में पड़ गया, ने सम्पत्ति विवाद पर X के भाई की हत्या कर दी। विवेचन कीजिए उसकी सम्पत्ति के वारिस कौन होंगे और उनके शेयर क्या होंगे ?

5. A, a Hindu female inherited some property from her husband H from whom she had a daughter D. Later she started living with $H_2$ from whom she had three children $S_1$, $S_2$, $D_1$. $S_1$ died during her lifetime leaving

behind a widow $S_1W$. She also had her parents living with her. She dies intestate in 2014. Discuss who gets her property and what would be their shares.

एक हिन्दू स्त्री A ने अपने पति H, जिससे उसको एक पुत्री D पैदा हुई थी, से कुछ सम्पत्ति विरासत में पाई थी। बाद में उसने $H_2$ के साथ रहना शुरू कर दिया जिससे उसको तीन बच्चे $S_1$, $S_2$, $D_1$ पैदा हुए। $S_1$ अपने पीछे अपनी विधवा $S_1W$ छोड़कर उसके जीवनकाल में ही मृत्यु को प्राप्त हो गया। उसके माता-पिता भी उसी के साथ रहते थे। उसकी 2014 में निर्वसीयती मृत्यु हो गई। विवेचन कीजिए उसकी सम्पत्ति किसको और कितने शेयरों में मिलेगी ?

6. X, a Muslim, dies leaving behind the parents M and F, two widows $W_1$ and $W_2$, two sons $S_1$ and $S_2$, two daughters $D_1$ and $D_2$ and a widow, a son and daughter of a predeceased son $S_3W$, $S_3S$ and $S_3D$. Discuss who will get the property and what would be their shares in Sunni and Shia laws.

What would be your answer if X was a female ?

एक मुस्लिम X अपने पीछे माता-पिता M और F, दो विधवा $W_1$ और $W_2$, दो पुत्र $S_1$ और $S_2$, दो पुत्रियां $D_1$ तथा $D_2$ और पूर्वमृत पुत्र $S_3W$ की एक विधवा, एक पुत्र तथा एक पुत्री $S_3S$ और $S_3D$ छोड़कर मृत्यु को प्राप्त हो गया। विवेचन कीजिए सुन्नी और शिया विधियों में सम्पत्ति किन-किन को मिलेगी तथा उनके शेयर क्या होंगे ?

यदि X कोई स्त्री होती तो आपका क्या उत्तर होता ?

7. (i) Discuss the rules relating to abatement of legacies under Sunni and Shia laws.

(ii) Examine the validity of the following gifts under Muslim law :

(a) Rahim is suffering from cancer. When he comes to know about it, he makes a gift of all his property in favour of his wife. Two months later he dies.

(b) Habib makes a gift of his house to his nephew, Imran who is staying with him. There is no delivery of possession of house but rent receipts are issued in the name of Imran.

(i) सुन्नी तथा शिया विधियों के अन्तर्गत वसीयत सम्पदा में कमी सम्बन्धी नियमों का विवेचन कीजिए।

(ii) मुस्लिम विधि के अन्तर्गत निम्नलिखित दानों की विधिमान्यता की जांच कीजिए :

(क) रहीम कैंसर का रोगी है। जब उसे इसका पता चला तब उसने अपनी सारी सम्पत्ति को अपनी पत्नी को दान में दे दिया। दो मास बाद उसकी मृत्यु हो गई।

(ख) हबीब ने अपने भतीजे इमरान को, जो उसके साथ रहता है, अपना घर दान कर दिया। घर के कब्जे का कोई परिदान नहीं किया गया किन्तु किराये की रसीदें इमरान के नाम से जारी हुई हैं।

8. Discuss the effect of deletion of sub section(2) of section 4 of the Hindu Succession Act 1956 by the Hindu Succession (Amendment) Act 2005. Discuss also the case law, if any.

हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 द्वारा संशोधित हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 4 की उपधारा (2) को हटाए जाने के परिणाम का विवेचन कीजिए।